भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2300

उत्तर देने की तारीखः 02.12.2019

यूजीसी और एआईसीटीई

2300. श्री पी॰ वेलुसामीः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में नए इंजीनियरिंग महाविद्यालय खोलने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के पास लंबित प्रस्तावों/ आवेदनों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान क्षमता से कम उपयोग के कारण अनेक इजीनियंरिग महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में सीटें रिक्त पड़ी हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में बंद पड़े इंजिनियरिंग महाविद्यालयों की संख्या का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) शून्य।

(ख) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) अनुमोदित इंजीनियरिंग कॉलेजों में कुछ सीटें रिक्त रही हैं।

(ग) पिछले तीन वर्षों में देश के बंद होने वाले इंजीनियरिंग कॉलेजों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*****

अनुबंध

यूजीसी और एआईसीटीई के संबंध में श्री पी. वेलुसामी द्वारा दिनांक 02.12.2019 को पूछे जाने वाला लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2300 के भाग (ग) में उल्लिखित अनुबंध।

2016-17 से 2018-19 के दौरान बंद हु एएआईसीटीई अनुमोदित इंजीनियरिंग संस्थाएं (यूजी/पीजी)			
राज्य	**2016-2017**	**2017-2018**	**2018-2019**
आंध्र प्रदेश	1	3	1
छत्तीसगढ़	3	1	1
गुजरात	1		2
हरियाणा	7	3	1
हिमाचल प्रदेश	1		1
कर्नाटक	3		2
मध्य प्रदेश	7	5	2
महाराष्ट्र	6	3	2
ओडिशा			
पुदुच्चेरी			
पंजाब	3	2	
राजस्थान	4	6	4
तमिलनाडु	6	3	3
तेलंगाना	6	18	2
उत्तर प्रदेश	5	3	5
उत्तराखंड	1		
पश्चिम बंगाल	1		
कुल योग	**55**	**47**	**26**

*****